दिनांकः 13-10-2025

-प्रेस नोट-

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही – अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

***मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत - थाना सदर बाजार व मिशन शक्ति एण्टीरोमियों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 04 अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 03 वाहन (02 अदद चोरी की स्कूटी, 01 स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल व चोरी की स्कूटी की आगे/पीछे की 02 नम्बर प्लेट UP11AX7350) बरामद***

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में लूट/नकबजनी/वाहन चोरी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वाँछित/वारण्टी/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार संघन चैकिंग व गश्त की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 13.10.2025 को थाना सदर बाजार व मिशन शक्ति एण्टीरोमियों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग के दौरान अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए **04 अन्तर्राज्यीय वाहन चोर अभियुक्तगण .1 अजित पुत्र केहर सिंह निवासी नंदवाटिका, गलीरा रोड थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर मूल पता बहादुर कॉलोनी जालंधर बायपास लुधियाना पंजाब, .2 मनोज पुत्र जोगिन्द्र निवासी किराये का मकान LIC वाले संदीप का ग्राम फतेहपुर जट थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर, .3 बाबर अली पुत्र मौ0 याकूब निवासी ग्राम फतेहपुर जट मस्जिद वाली गली थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर व 4. साहिल उर्फ़ सोनू पुत्र जफ़र निवासी किराये का मकान जहीर का एकता कॉलोनी कोलागढ़ रोड अख्तर मस्जिद के पास थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर** को छोटी लाइन पर आईटीसी रोड की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद चोरी की एक्टिवा स्कूटी, 02 अदद नंबर प्लेट UP11AX7350 आगे व पीछे की व 01अदद चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर 317(2),3(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। अभियुक्तगणो के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –

.1 अजित पुत्र केहर सिंह निवासी नंदवाटिका, गलीरा रोड थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर मूल पता बहादुर कॉलोनी जालंधर बायपास लुधियाना पंजाब

.2 मनोज पुत्र जोगिन्द्र निवासी किराये का मकान LIC वाले संदीप का ग्राम फतेहपुर जट थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर

.3 बाबर अली पुत्र मौ0 याकूब निवासी ग्राम फतेहपुर जट मस्जिद वाली गली थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर

.4 साहिल उर्फ़ सोनू पुत्र जफ़र निवासी किराये का मकान जहीर का एकता कॉलोनी कोलागढ़ रोड अख्तर मस्जिद के पास थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर

## बरामदगी का विवरण –

- 01 अदद स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (सम्बंधित मु0अ0सं0 426/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना सदर बाजार)
- 01 अदद चोरी की एक्टिवा स्कूटी (सम्बन्धित मु0अ0सं0 495/2025 धारा303(2) बीएनएस थाना सदर बाजार)
- 01 अदद चोरी की एक्टिवा स्कूटी (सम्बंधित मु0अ0सं0 20/2025 धारा 305 बीएनएस थाना जीआरपी अम्बाला कैंट जिला अम्बाला (हरियाणा)
- 02 अदद नंबर प्लेट UP11AX7350 एक्टिवा स्कूटी की (सम्बंधित मु0अ0सं0 413/2025 धारा 305(ए) बीएनएस थाना सदर बाजार)

**अपराधिक इतिहास अभि0 साहिल उर्फ सोनू**

1. मु0अ0स0 82/21 धारा 380/411 भा0द0वि0 चालानी थाना थाना भवन जनपद शामली
2. मु0अ0सं0 97/21 धारा 380/411 भा0द0वि0 चालानी थाना थाना भवन जनपद शामली
3. मु0अ0सं0 185/21 धारा 3/25 आयुध अधि0 चालानी थाना ननौता जनपद सहारनपुर
4. मु०अ०सं० 426/2025 धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
5. मु०अ०सं० 495/2025धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार सहारनपुर
6. मु0अ0सं0 413/25 धारा 305ए/317(2)/3(5) बीएनएस थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

**अपराधिक इतिहास अभि0 बाबर अली**

1. मु0अ0स0 233/07 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 व 420/467/468 भा0द0वि0 चालानी थाना गांगलहेडी जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 8/24 धारा 3 आरपी(यूपी) एक्ट चालानी थाना आरपीएफ जनपद सहारनपुर
3. मु०अ०सं० 426/2025 धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
4. मु०अ०सं० 495/2025धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 413/25 धारा 305ए/317(2)/3(5) बीएनएस थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अजीत**

1. मु०अ०सं० 426/2025 धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
2. मु०अ०सं० 495/2025धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार सहारनपुर
3. मु०अ०सं०20/2025धारा 305 बीएनएस थाना- जीआरपी अम्बाला कैंट जिला अम्बाला (हरियाणा)
4. मु0अ0सं0 413/25 धारा 305ए/317(2)/3(5) बीएनएस थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त मनोज**

1. मु०अ०सं० 426/2025 धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर
2. मु०अ०सं० 495/2025धारा 303(2)/317(2)/ 3(5)बीएनएस चालानी थाना सदर बाजार सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 413/25 धारा 305ए/317(2)/3(5) बीएनएस थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
2. उ0नि0 सुशील कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
3. उ0नि0 रविन्द्र कुमार थाना सदर बाजारा जिला सहारनपुर
4. उ0नि0 विकास कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
5. है0का0 753 अमरपाल तोमर थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
6. हैड का0 714 नितिन तोमर थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
7. म0है0का0 1170 मिनाक्षी थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
8. म0का0 87 रितू थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
9. का0 2011 अजय तोमर थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर
10. का0 933 आशीष कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा तलाश व दविश के दौरान **एक वारंटी अभियुक्त सुनील उर्फ मोटा पुत्र रंजीत निवासी ग्राम हलालपुर थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर** को सम्बंधित वाद संख्या 216/19 व मु0अ0स0 503/19 धारा 363/376डी भा0द0वि0 व 4 पोक्सो एक्ट व 3(2)/5 एससीएसटी एक्ट चालानी थाना को0 देहात में ग्राम हलालपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-**

सुनील उर्फ मोटा पुत्र रंजीत निवासी ग्राम हलालपुर थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री सुबोध कुमार शर्मा  थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. है0का0 241 कपिल कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

**दिनांकः 13.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# ***श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपदीय पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बच्चो का शोषण/बाल अपराध मे लिप्त 916 अपराधियों का सत्यापन अभियान संचालित***

➢ *सहारनपुर पुलिस का विशेष अभियान- बाल सुरक्षा के प्रति सहारनपुर पुलिस की बड़ी पहल*

***श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर*** *के कुशल निर्देशन एवं* ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर*** *के निकट पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर के समस्त थानों द्वारा एक विशेष* ***सत्यापन अभियान*** *संचालित किया गया। यह अभियान विशेष रूप से विगत 10 वर्षों के दौरान घटित बच्चो का शोषण/बाल अपराध मे लिप्त रहे अपराधियो को तस्दीक/सत्यापन/ चिन्हांकन एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी एकत्र करने हेतु दिनांक 11.10.2025 को एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।*

***इस अभियान के अंतर्गत विगत 10 वर्षों के दौरान घटित बच्चो का शोषण/बाल अपराध मे लिप्त रहे अपराधियो का गहन सत्यापन एवं पड़ताल की गई।***

## ***अभियान का मुख्य उद्देश्य***

***विगत 10 वर्षों के दौरान घटित बाल अपराधों अथवा बच्चों के शोषण से संबंधित मामलों में लिप्त रहे अपराधियों की वर्तमान स्थिति का सत्यापन, पहचान एवं निगरानी स्थापित करना*** *था।*

## ***अभियान की प्रमुख विशेषताएं*** :

1) ***जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों*** *में थाना अध्यक्षों के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित की गईं।*
2) *टीमों द्वारा विगत वर्षों में बाल अपराधों में लिप्त अभियुक्तों के रिकॉर्ड का पुनः परीक्षण किया गया*
3) *ऐसे अपराधियों का वर्तमान निवास, गतिविधियाँ एवं सामाजिक स्थिति सत्यापित की गई।*
4) *संदिग्ध व्यक्तियों एवं पुनः अपराध की प्रवृत्ति रखने वालों की गहन निगरानी हेतु रिपोर्ट तैयार की गई।*
5) *चिह्नित अपराधियों का डेटा एकत्र कर साइबर प्रकोष्ठ एवं अपराध शाखा को उपलब्ध कराया गया।*

## ***अभियान का उद्देश्य :***

- ✓ *बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे अपराधियों पर निगरानी रखना जो अतीत में बाल अपराधों में संलिप्त रहे हैं।*
- ✓ *भविष्य में बाल अपराधों की पुनरावृत्ति को रोकना एवं संवेदनशील इलाकों में पुलिस की उपस्थिति को सुदृढ़ करना।*
- ✓ *जनसामान्य में यह संदेश देना कि बाल सुरक्षा और बाल अधिकारों की रक्षा हेतु पुलिस सदैव सक्रिय एवं संवेदनशील है।*

## ***अभियान का परिणाम :***

☐ *जनपद भर में कुल* ***916 अपराधियों का सत्यापनतस्दीक कार्य पूर्ण किया गया।/***

☐ *कई* संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु संबंधित थानों को अलर्ट किया गया।

☐ अपराध शाखा को अद्यतन डेटा प्रेषित कर रिकॉर्ड अपडेट किया गया।

☐ क्षेत्रीय स्तर पर जागरूकता संवाद आयोजित कर नागरिकों को बाल सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

*पुलिस की आमजन से अपील :*

*जनपद पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि—*
*यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा* बाल शोषण, बाल मजदूरी या बच्चों के प्रति अपराध *किया जा रहा हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।*

***महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गयी :***

✓ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

✓ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

✓ 1090 – वूमेन पावर लाइन

1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन

-प्रेस नोट-

दिनांक: 13.10.2025

*_□□♂□ जनपद सहारनपुर पुलिस का सघन नाकाबंदी अभियान — अपराध पर प्रभावी अंकुश हेतु सीमाएं सील कर की गई सघन चेकिंग □_*

*_➡□ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत एक सुदृढ़ नाकाबंदी एवं चेकिंग कार्ययोजना लागू की गई। इस कार्ययोजना का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।_*

*_➡□आज दिनांक 13.10.2025 को समय 14:00 बजे से 15:00 बजे तक जनपद भर में इस अभियान के अंतर्गत —नगर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र तथा अन्तर्जनपदीय/अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई।_*

*_□ अभियान की प्रमुख विशेषताएँ :_*
* जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी की गई।
* संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया।
* सीसीटीवी, ड्रोन व इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई।
* थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया।
* अभियान का उद्देश्य अपराधियों में भय एवं जनता में विश्वास उत्पन्न करना रहा।

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

*श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपदीय पुलिस द्वारा विगत 10 वर्षों में साइबर अपराधों में लिप्त 206 अपराधियों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान का संचालन_*

*_श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपदीय पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम, निगरानी एवं पुनरावृत्ति को रोकने के उद्देश्य से एक विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जनपद सहारनपुर में विगत 10 वर्षों (वर्ष 2015 से 2025 तक) में साइबर अपराधों में संलिप्त कुल 206 अपराधियों का चिन्हांकन एवं सत्यापन किया गया। इस व्यापक सत्यापन अभियान को जनपदीय पुलिस की समस्त इकाइयों, विशेष रूप से साइबर क्राइम सेल, थाना पुलिस, खुफिया इकाइयों एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई के समन्वय से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।_*

*_प्रमुख बिंदु:-_*

☐ सत्यापन के दौरान अपराधियों के वर्तमान पते, पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, बैंक खातों एवं डिजिटल गतिविधियों की विस्तृत जांच की गई।

☐ सत्यापित 206 अपराधियों में से कुछ के विरुद्ध सक्रिय अपराध गतिविधियों में पुनः संलिप्त होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए निगरानी हेतु सूचीबद्ध किया गया है।

☐ साइबर अपराध के नए तरीकों को देखते हुए संदिग्ध डिजिटल उपकरणों, मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि की तकनीकी जांच भी की गई।

*_अभियान के उद्देश्य:-_*

☐ साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

☐ पूर्व में संलिप्त अपराधियों की पुनः संलिप्तता को रोकना।

☐ साइबर जागरूकता को बढ़ावा देना एवं युवाओं को डिजिटल अपराधों से दूर रखने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना।

*_“साइबर अपराध एक उभरता हुआ खतरा है जो समाज की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिरता को प्रभावित करता है। ऐसे में जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित यह सत्यापन अभियान न केवल पूर्व में संलिप्त अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सहायक होगा, बल्कि इससे समाज में कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता भी सुनिश्चित होगी। यह अभियान निरंतर रूप से चरणबद्ध तरीके से आगे भी जारी रहेगा।”_*

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते माननीय न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में अभियुक्त को 02 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गईः-***

*अवगत कराना है, कि दिनांक 01.11.21 को वादी नि0 श्री हरेन्द्र सिंह थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर द्वारा अभियुक्तगण 1. कुशपाल पुत्र सोमपाल नि0 आर के पुरम थाना सदर बाजार, 2.अमरदीप पुत्र ताहर सिंह नि0 ताहरपुर थाना को0देहात व 3.अंकित पुत्र हुकम सिंह नि0 उपरोक्त जनपद-सहारनपुर द्वारा सुसंगठित गैंग बनाकर अवैध सम्पत्ति अर्जित कर जनता मे भय व आंतक व्याप्त करने की सूचना पर मु0अ0स0-531/2021 धारा 2/3 गैग0 एक्ट थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर पर पंजीकृत कराया गया। जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-1639/2022 पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में* ***OPERATION CONVICTION*** *में चिन्हित मांनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर द्वारा* ***आज दिनांक 13.10.2025 को अभियुक्त कुशपाल पुत्र सोमपाल निवासी आर0के0 पुरम थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-531/2021 धारा 2/3 गैग0 एक्ट मे जुर्म इकबाल के आधार पर 02 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित*** *किया गया।*

*नोटः-अभियुक्त 1. अंकित पुत्र हुकम सिंह नि0 ताहरपुर थाना को0देहात जनपद-सहारनपुर का वाद मा0 न्यायालय में प्रचलित है।*

***शासकीय अधिवक्ता (ए0डी0जी0सी0) श्री मेघराज सिंह चौहान***
***विवेचक - निरीक्षक श्री मनोज कुमार चहल***
***पैरोकार - है0का0 प्रदीप कुमार थाना सदर बाजार सहारनपुर***

-प्रेस नोट-

दिनांकः 13.10.2025

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर द्वारा नशा तस्करी के मुकदमें में अभियुक्त को 02 वर्ष का कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गईः-***

*अवगत कराना है, कि दिनांक 04.10.18 को वादी उ0नि0 अशोक कुमार थाना नागल जनपद सहारनपुर की सूचना द्वारा अभियुक्त भूरा पुत्र मुर्तजा नि0 नन्हेडा बुडढाखेडा थाना नागल जिला स0पुर के कब्जे से 02 किलोग्राम डोडा पोस्त चूर्ण बरामद होने की सूचना पर मु0अ0स0-313/18 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना नागल जनपद सहारनपुर पर पंजीकृत कराया गया। जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-130/19 पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-11 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में* ***OPERATION CONVICTION*** *में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर द्वारा* ***आज दिनांक 13.10.2025 को अभियुक्त भूरा पुत्र मुर्तजा निवासी नन्हेडा बुडढाखेडा थाना नागल जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0 313/18 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट को दोषी पाते हुए अभियुक्त को 02 वर्ष का कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित*** *किया गया।*

***शासकीय- अधिवक्ता (ए0डी0जी0सी0) श्री अमित त्यागी***
***विवेचक- उ0नि0 श्री आसवीर शर्मा***
***पैरोकार- का0 1860 दुष्यन्त थाना नागल जनपद सहारनपुर***

दिनांक 13.10.2025

-प्रेस नोट-

**ऑपरेशन सवेरा**

ऑपरेशन सवेरा

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

## □ *सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही* □

### □ *मादक पदार्थ तस्करी पर कोतवाली देवबन्द पुलिस का करारा प्रहार — 01 नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कुल 11 ग्राम अवैध स्मैक बरामद* □

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा"** – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन सवेरा""** के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना देवबन्द पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12/10/2025 को चैकिंग के दौरान **01 नशा तस्कर अभियुक्त नदीम पुत्र नानू नि0 ग्राम कोल्हा बस्ती कस्बा व थाना देवबन्द जिला सहारनपुर** को अम्बेडकर छात्रावास से सापला रोड़ की तरफ कस्बा देवबन्द से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त नदीम के कब्जे से **11 ग्राम अवैध स्मैक** बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0 840/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

नदीम पुत्र नानू नि0 ग्राम कोल्हा बस्ती कस्बा व थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

11 ग्राम अवैध स्मैक

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अजब सिंह थाना देवबन्द स0पुर
2. हैका0 561 समीम अहमद थाना देवबन्द स0पुर
3. है0का0 295 विशेष कुमार थाना देवबन्द स0पुर
4. का0 16 पवन सिरोही थाना देवबन्द स0पुर
5. का2107 रवि राठी थाना देवबन्द स0पुर

दिनांक: 11-10-2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

## □ *मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत — थाना मिर्जापुर पुलिस एण्टीरोमियो टीम द्वारा मात्र 12 घण्टे में चैन (पीली धातू) चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 वांछित महिला अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी चैन बरामद*

***घटना का विवरण:*** –

*दिनाकं 12.10.25 को वादी श्री पीयूष जैन पुत्र जयन्ती प्रसाद जैन निवासी 254 गुप्ता कालोनी, ट्रान्सपोर्ट नगर थाना टीपी नगर जनपद मेरठ द्वारा उपस्थित थाना आकर अज्ञात चोर द्वारा वादी की पत्नी आकांक्षिका के गले से सोने की चैन तोड चोरी कर लेने की सूचना के सम्बन्ध में थाना मिर्जापुर पर मु0अ0स0 213/25 धारा 304(2) बीएनएस के पंजीकृत किया गया ।*

***पुलिस कार्वयाही:*** –

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2025 को मुखबिर की सूचना व चैकिंग के दौरान थाना मिर्जापुर की मिशन शक्ति एन्टी रोमियो टीम द्वारा नांगल माफी बैरियर के पास वन विभाग की झोपडी से मुकदमा उपरोक्त में* ***02 वांछित महिला अभियुक्ता 1. कविता पत्नी खेल कुमार व 2. राधा पत्नी सूरज निवासीगण मो0 इस्लामनगर नूरपुर थाना नुरपूर जिला बिजनौर*** *को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्ताओं के कब्जे से चोरी गयी पीली धातू की चैन बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/ 3(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी । गिरफ्तार अभियुक्ताओं के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

***□♂□ गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरण***

*1. कविता पत्नी खेल कुमार निवासी मो0 इस्लामनगर नूरपुर थाना नुरपूर जिला बिजनौर*

*2. राधा पत्नी सूरज निवासी मो0 इस्लामनगर नूरपुर थाना नुरपूर जिला बिजनौर*

***बरामदगी का विवरण***

*01 पीली धातू की चोरी गयी चैन (वजन करीब 10 ग्राम)*

***अभियुक्ता कविता व राधा का आपराधिक इतिहास –***

1. *मु0अ0स0 55/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नुरपूर जिला बिजनौर*
2. *मु0अ0स0 55/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नुरपूर जिला बिजनौर*

***□♀□ गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम----***

- *उ0नि0 गजेन्द्र — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*
- *का0 1323 कुलदीप — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*
- *का0 1666 पंकज – थाना मिर्जापुर , जनपद सहारनपुर*
- *म0का0 55 राखी – थाना मिर्जापुर , जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 13-10-2025

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत — थाना नकुड़ मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के मुकदमें में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि दिनांक 12.10.2025 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त शाहवेज पुत्र इस्लाम निवासी टिड़ौली थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर द्वारा वादिया की पोती जिसकी उम्र करीब 14 वर्ष के साथ दुष्कर्म करने की सूचना के सम्बन्ध में थाना नकुड मु0अ0सं0 432/25 धारा 65(1) बीएनएस व ¾(2) पोक्सो अधिनियम के पंजीकृत कराया गया था।*

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे।*** *आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2025 को थाना नकुड़ मिशन एण्टीरोमियो टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में* ***01 वांछित अभियुक्त शाहवेज पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम टिडौली थाना नकुड जिला सहारनपुर*** *को पटवो वाली मस्जिद कस्बा अम्बेहटापीर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-***

*अभियुक्त शाहवेज पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम टिडौली थाना नकुड जिला सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,*
2. *म0उ0नि0 माधुरी शर्मा थाना नकुड जनपद सहारनपुर,*
3. *म0उ0नि0 सिमरन कमलेश थाना नकुड जनपद सहारनपुर,*
4. *का0 2082 तुषार अधाना थाना नकुड जनपद सहारनपुर।*

दिनांक:13.10.2025

-प्रेस नोट-

# थाना मण्डी पुलिस द्वारा अवैध रूप पशु कटान के मुकदमें में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व एक स्कूटी बरामद

***घटना का विवरणः*** *- दिनांक 15.09.25 को उ0नि0 अमित प्रसाद की फर्द के आधार पर अवैध पशु कटान के सम्बन्ध में अभियुक्त 1. मुर्सलीन, 2. बिल्लू, 3. मक्की, 4. आबिद, 5. परवेज, 6. तन्जीम उर्फ काला व 7. कुर्बान के विरुद्ध थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 374/2025 धारा 271/272/109/190/191(2)/191(3) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट व 3/11 पशु क्रूरता अधिनियम के पंजीकृत किया गया था।*

***पुलिस कार्यवाहीः*** *- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रोजन्त त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2025 को पुलिस मण्डी टीम मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त* ***तन्जीम उर्फ काला पुत्र स्व0 अल्ताफ निवासी लोहानी सराय निकट बकरी वाला चौक थाना कुतुबशेर सहारनपुर को चिलकाना अड्डे के पास से*** *गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 27 आर्मस एक्ट की वृद्धि की गयी। बरामद स्कूटी को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

*तन्जीम उर्फ काला पुत्र स्व0 अल्ताफ निवासी लोहानी सराय निकट बकरी वाला चौक थाना कुतुबशेर सहारनपुर*

## बरामदगी का विवरण –

- *01 अदद तमंचा 315 बोर*
- *01 अदद खोका कारतूस*
- *01 एक स्कूटी (UP 11 CF 1778)*

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. *उ0नि0 श्री भोले शंकर गौतम थाना मण्डी जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री अमित प्रसाद थाना मण्डी जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 100 राहुल त्यागी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर*
4. *है0का0 02 कमल कौशिक थाना मण्डी जनपद सहारनपुर*
5. *है0का0 571 सुनील राणा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर*
6. *का0 1039 शोएब मिर्जा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर*

दिनांक- 13.10.2025

-प्रेस नोट-

# ☐ सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही ☐

## ☐ थाना नकुड़ पुलिस टीम *द्वारा* अवैध कच्ची शराब की कसीदगी करने *वाला*— 01 अभियुक्त गिरफ्तार, *कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब, 200 लीटर लहन, 500/- रूपये की नकदी व शराब बनाने के उपकरण बरामद*☐

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान ग्राम रणदेवी के जंगल से शराब की कसीदगी करते हुए **01 अभियुक्त अमित पुत्र राजपाल निवासी रणदेवी थाना नकुड जिला सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 **गैस चूल्हा, 01 भट्टी, 01 पाईप व 01 रेगुलेटर, 01 टीन का 50 लीटर का ड्रम, 500/-रूपये नकद, दो तसले, नीला ड्रम (जिसमें 200 लीटर लाहन), बडा गैस सिलेन्डर, 40 लीटर कच्ची शराब बरामद** हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 434/25 धारा 60(2) आबकारी एक्ट के पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अमित पुत्र राजपाल निवासी रणदेवी थाना नकुड जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण -**

- 40 लीटर कच्ची शराब,
- 200 लीटर लहन नीले ड्रम में,
- 500/- रूपये नकद,
- शराब बनाने के उपकरण (टीन का 50 लीटर का ड्रम, दो तसले, बडा गैस सिलेन्डर, गैस चूल्हे मय भट्टी पाईप व रेगुलेटर)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 अमित सोनी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
3. हे0का0 1122 प्रवीण कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
4. हे0का0 999 राज कमल थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
5. हे0का0 263 सचिन कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
6. हे0का0 412 शाहरुन थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

# थाना बडगाँव पुलिस टीम द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे 02 मोबाइल फोन तथा 01 अदद चाकू बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी, लूट, नकबजनी आदि घटनाओं की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग व गश्त की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2025 को थाना बड़गावं पुलिस द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान* ***01 अभियुक्त अंकित पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम घीड थाना कुंजपुरा जिला करनाल हरियाणा*** *को नव निर्मित हाईवे पुल बाहद ग्राम बडगांव से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 02 मोबाइल फोन व 01 अवैध चाकू बरामद। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना बडगांव पर मु0अ0सं0 222/25 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के पंजीकृत किया गया। बरामद मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

## गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का नाम पता

*अंकित पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम घीड थाना कुंजपुरा जिला करनाल हरियाणा*

## बरामदगी का विवरण:

- *01 अदद मोटर साईकिल एचएफ डिलेक्स रजि0 नं0 UP-20BM-3068*
- *01 मोबाइल फोन सैमसंग ग्लैक्सी ए-13*
- *01 मोबाईल फोन वीवो मॉडल 1901*
- *01 अदद चाकू*

## अभियुक्त अंकित का आपराधिक इतिहास

1. *मु0अ0सं0 222/25 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बडगांव जनपद सहारनपुर*
2. *मु0अ0सं0 354/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*
3. *मु0अ0सं0 356/24 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*
4. *मु0अ0सं0 470/24 धारा 305(ए) बीएनएस थाना सैक्टर 32/33 जिला करनाल हरियाणा*
5. *मु0अ0सं0 642/24 धारा 305/331(4)/317(2)/3(5) बीएनएस थाना इन्द्री करनाल हरियाणा*
6. *मु0अ0सं0 17/25 धारा 305/317(2)/3(5) बीएनएस थाना सि0ला0 करनाल हरियाणा*
7. *मु0अ0सं0 22/25 धारा 305/331(4)/3(5) बीएनएस थाना इन्द्री करनाल हरियाणा*
8. *मु0अ0सं0 31/25 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना इन्द्री करनाल हरियाणा*

## गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का नाम पता

1. *निरीक्षक श्री सुनील शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना बडगांव जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री मुन्नालाल थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।*
3. *हे0कां0 231 रोहित चौधरी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर*
4. *कां0 1569 अमरदीप थाना बडगांव जनपद सहारनपुर*
5. *हो0गा0 2077 सतीश कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर*

**दिनांक: 13-10-2025**

-प्रेस नोट-

# ***सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही —***

## ***थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर चोरी गये 1500 रू0 नकद, आधार कार्ड, प्लास्टिक के कटटे में केबिल व केबिल के जले हुए तार, यूपीएस एक बड़ा व एक छोटा व एक अदद इन्वर्टर, प्लास्टिक के कटटे में ट्यूबवैल की केबिल, ट्यूबवैल के 11 टुकटे केबिल चार टुकडे समरस्बिल ट्यूबवैल व तांबे का जला व कटा हुआ वायर, 15 मीटर लाल व काले रंग की वायर बरामद***

***घटना का विवरण:*** *- अवगत कराना है कि थाना क्षेत्र में हुई चोरी की  घटनाओं के संबंध में मु0अ0सं0 319/25 धारा 305(क) बीएनएस , मु0अ0सं0 384/25 धारा 305(ए) बीएनएस, मु0अ0सं0 390/25 धारा 305(क) बीएनएस, मु0अ0सं0 411/25 धारा 305(ए) बीएनएस,  मु0अ0सं0 334/25 धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 383/25 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस के आधार पर बाबत अज्ञात चोर द्वारा भिन्न-भिन्न स्थनों पर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना नकुड पर पंजीकृत किये गये थे।*

***पुलिस कार्यवाही:*** ***-*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उक्त चोरी की घटना का शीघ्र अनवारण करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में कल  दिनांक 12.10.2025 को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में कल दिनांक 12.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमो में चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए* ***02 वांछित चोर/अभियुक्त 1. आबिद पुत्र इलियास निवासी ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर व 2. मुकीम पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर*** *को रणदेवा रोड स्थित शरीफ का आम के बाग से गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगण की निशानदेही पर चोरी के 1500 रू0 नकद, आधार कार्ड, प्लास्टिक के कटटे में केबिल व केबिल के जले हुए तार, यूपीएस एक बड़ा व एक छोटा व एक अदद इन्वर्टर,प्लास्टिक के कटटे में ट्यूबवैल की केबिल, ट्यूबवैल के 11 टुकटे केबिल, चार टुकडे समरस्बिल ट्यूबवैल व तांबे का जला व कटा हुआ वायर,15 मीटर लाल व काले रंग की वायर बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमो में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहे हैं।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-***

*1. आबिद पुत्र इलियास निवासी ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर*
*2. मुकीम पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरण:***

*1500 रू0 नकद, आधार कार्ड, प्लास्टिक के कटटे में केबिल व केबिल के जले हुए तार, यूपीएस एक बड़ा व एक छोटा व एक अदद इन्वर्टर, प्लास्टिक के कटटे में ट्यूबवैल की केबिल, ट्यूबवैल के 11 टुकटे केबिल, चार टुकडे समरस्बिल ट्यूबवैल व तांबे का जला व कटा हुआ वायर, 15 मीटर लाल व काले रंग की वायर बरामद*

***गिरफ्तार अभियुक्त आबिद का आपराधिक इतिहासः –***

*1. मु0अ0सं0 21/2021 धारा 63 अबकारी अधिनियम थाना नकुड,स0पुर*
*2. मु0अ0सं0 164/2024 धारा 380, 411, 427, 457 भा दं सं थाना नकुड,स0पुर*
*3. मु0अ0सं0 292/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना नकुड,स0पुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

*1. प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,*
*2. उ0नि0 विकास चारण थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,*
*3. है0का0 464 प्रवेश कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,*
*4. का0 1806 योगेश शर्मा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,*
*5. है0का0 650 वरणकार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,*
*6. का0 2018 सन्दीप अधाना थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांकः **13.10.2025**

# *थाना नानौता मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार*

*__वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर__ के निर्देशन में __मिशन शक्ति अभियान__ के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने के आदेशों के अनुपालन में, __पुलिस अधीक्षक ग्रामीण__ एवं __क्षेत्राधिकारी गंगोह__ के पर्यवेक्षण में तथा __प्रभारी निरीक्षक श्री नवीन कुमार सैनी__ के कुशल नेतृत्व में, आज दिनांक __13.10.2025__ को __थाना नानौता पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो टीम__ द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग की आशंका में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को __धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस.__ के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए __मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।__*

*गिरफ्तार अभियुक्त –*

*__अक्षय कुमार पुत्र मेहर सिंह__, निवासी ग्राम औलरा, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर,*

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:***

1. *उ0नि0 __जसपाल सिंह__, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*
2. *म0का0 __610 अमरीता__, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*

दिनांक: **13-10-2025**

-प्रेस नोट-

**☐ थाना चिलकाना मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम की त्वरित कार्यवाही — सडक पर आने-जाने वाली महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियाँ कसने वाला 01 मनचला अभियुक्त गिरफ्तार**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन में एवं **पुलिस अधीक्षक नगर** तथा **क्षेत्राधिकारी सदर** के निकट पर्यवेक्षण में, **थाना चिलकाना प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार** के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्णायक कार्यवाही की गई।

**कार्यवाही का विवरण:** –

दिनांक 13.10.2025 को मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा थाना चिलकाना क्षेत्रान्तर्गत बिन्दिया ब्यूटी पार्लर (दुकान) के पास सडक पर आने जाने वाली महिलाओ व युवतियों पर अश्लील फब्तिया कसने वाला 01 मनचला अभियुक्त कैफ पुत्र अफजाल निवासी ग्राम मानकपुर थाना चिलकाना जिला सहारनपुर गिरफ्तार। गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना चिलकाना पर मु0अ0स0 273/25 धारा 296 बीएनएस के पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध **धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस.** के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण:-**

**1.** कैफ पुत्र अफजाल निवासी ग्राम मानकपुर थाना चिलकाना जिला सहारनपुर

**☐ गिरफ्तारी करने वाली मिशन शक्ति टीम**

1. व0उ0नि0 भूपेन्द्रपाल सिह थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
2. म0उ0नि0 सुमन थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
3. है0का0 925 पंकज कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
4. का0 634 मनोज कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर

दिनांकः13.10.2025

-प्रेस नोट-

# *थाना नानौता मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो टीम द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार*

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर*** *के निर्देशन में* ***मिशन शक्ति अभियान*** *के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के अनुपालन में,* ***पुलिस अधीक्षक ग्रामीण*** *एवं* ***क्षेत्राधिकारी गंगोह*** *के पर्यवेक्षण में तथा* ***प्रभारी निरीक्षक श्री नवीन कुमार सैनी*** *के कुशल नेतृत्व में, आज दिनांक* ***13.10.2025*** *को थाना नानौता की* ***महिला शक्ति/एण्टी रोमियो टीम*** *द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।*

***गिरफ्तार अभियुक्त–***

1. ***हरीश कुमार पुत्र स्व0 श्याम सिंह****, निवासी राजीव गांधी कॉलोनी, कस्बा व थाना नानौता, जनपद सहारनपुर —*

को संबंधित वाद सं0 1839/22 एवं 1850/25, धारा 125(3) सीआरपीसी, मा0 न्यायालय अपर प्रिंसीपल जज परिवार न्यायालय, सहारनपुर । *अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए* ***माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।***

***गिरफ्तारी करने वाली मिशन शक्ति टीम:***

1. *उ0नि0* ***जसपाल सिंह****, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0* ***रोहताश सिंह****, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*
3. *म0है0का0* ***82 जूली****, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*
4. *म0है0का0* ***312 परमेश्वरी****, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*
5. *म0का0* ***270 विनीता****, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 13.10.2025

# *थाना जनकपुरी मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा 02 NBW वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

*__वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर__ महोदय के निर्देशन में जनपद में वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे __धरपकड़ अभियान__ के अंतर्गत, __पुलिस अधीक्षक नगर__ एवं __क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय, सहारनपुर__ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवेन्द्र पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक __13.10.2025__ को __थाना जनकपुरी मिशन शक्ति टीम__ द्वारा 02 नफर NBW वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टियों को विधिक कार्यवाही करते हुए समय से __मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।__*

*गिरफ्तार अभियुक्तगण –*

1. ***अभिषेक पुत्र बल्लू कुमार**, निवासी चकहरेटी, थाना जनकपुरी, जनपद सहारनपुर* — संबंधित वाद संख्या 1829/23, धारा 138 एनआई एक्ट
2. ***अहतशाम पुत्र शराफत**, निवासी टपरी कलां, थाना कोतवाली देहात, जनपद सहारनपुर* — संबंधित वाद संख्या 294/25, धारा 125(3) सीआरपीसी

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:***

- *उ0नि0 **श्री रणपाल सिंह**, थाना जनकपुरी, सहारनपुर*
- *म0उपनि0 **सुश्री मोनिका यादव**, थाना जनकपुरी, सहारनपुर*
- *है0कां0 **574 अश्वनी**, थाना जनकपुरी, सहारनपुर*
- *कां0 **1804 प्रमोद कुमार**, थाना जनकपुरी, सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 13.10.2025

## □ थाना देवबन्द मिशन शक्ति टीम की त्वरित कार्यवाही

### □ *मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम द्वारा सड़क पर आती जाती महिलाओं/युवतियों पर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले 01 मनचला अभियुक्त गिरफ्तार*

अवगत कराना है कि **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन में *महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम*, *नारी सुरक्षा एवं सम्मान* को सुदृढ़ करने हेतु जनपद में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक **श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा** के कुशल नेतृत्व में थाना **देवबन्द** *मिशन शक्ति एण्टी रोमियो टीम* द्वारा एक सराहनीय कार्रवाई की गई।

□♀□ **घटना का विवरण: - दिनांक 13.10.2025 को थाना देवबन्द मिशन शक्ति टीम द्वारा जूनियर हाईस्कूल के पास बहद ग्राम अम्बेहटा शेख से गश्त के दौरान 01 मनचले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जो सड़क पर आने-जाने वाली महिलाओं एवं युवतियों पर अश्लील टिप्पणियाँ/ फब्तियाँ कस रहा था।**

□ **कानूनी कार्रवाई - :**अभियुक्त की गिरफ्तारी के आधार पर **थाना देवबन्द** पर *मु0अ0सं0-841/25*, धारा **296 बीएनएस** के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक **विधिक कार्रवाई** की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त—**

खुशनसीब पुत्र मौ0 अतीक निवासी ग्राम अम्बेहटा शेखा, थाना देवबंद जनपद सहरनपुर

□♂□ **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:**

1. *उ0नि0 रणवीर सिंह, थाना देवबन्द, सहारनपुर*
2. *हे0का0 350 अमित ढाका थाना देवबन्द, सहारनपुर*
3. *म0का0 121 रीकम थाना देवबन्द, सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 13.10.2025

_*महिला सशक्तिकरण एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति फेज-5.0 का आयोजन*_

*➡☐महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना नकुड की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम महिला उपनिरीक्षक सिमरन कमलेश एवं महिला कांस्टेबल दिशा द्वारा ग्राम कुराली स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुराली में छात्राओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।*

अभियान के दौरान छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं गुड टच-बैड टच की समझ तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

_उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —_

☐ 1090 वूमेन पावर लाइन
☐ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
☐ 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन
☐ 1930 साइबर अपराध रिपोर्टिंग
☐ 108 एम्बुलेंस सेवा
☐ 112 पुलिस आपातकालीन सेवा

इसके साथ ही डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल एवं अनचाहे लिंक से बचाव के उपाय भी बताए गए। अभियान के दौरान महिलाओं से उनकी समस्याएं जानी गई एवं क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ कर आवश्यक चेतावनी दी गई।

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

_महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति फेज़-5.0 एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित_

*□मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना सरसावा की मिशन शक्ति एंटीरोमियो महिला कांस्टेबल सुनीता एवं अलका द्वारा ग्राम बिंना खेड़ी की ओर आने-जाने वाले मार्गों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति व साइबर सुरक्षा से जागरूक किया गया।*

कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज़-5.0 व साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्राओं एवं महिलाओं को डिजिटल अरेस्टिंग, सशक्तिकरण, साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बच्चों के संरक्षण संबंधी कार्यक्रमों के बारे में बताया गया तथा उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

_*अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओं को निम्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_

□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

□ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन

□ 108 – एम्बुलेंस सेवा

□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

_□□महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें अपने आसपास होने वाली किसी भी आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।_

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

_मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम मानकी में विशेष चौपाल का आयोजन_

*➡️मिशन शक्ति अभियान-5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक देवबन्द श्री नरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम थाना देवबन्द द्वारा ग्राम मानकी मे महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।*

इसी क्रम में आज दिनांक 13.10.2025 को ग्राम मानकी, थाना देवबंद में एक विशेष चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने प्रतिभाग किया। मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम ने उपस्थित जनसमूह को मिशन शक्ति फेज-5.0 तथा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न विषयों — जैसे डिजिटल सेफ्टी, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अपराधों से सतर्कता एवं महिलाओं-बालिकाओं के अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वावलंबन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें जागरूक करते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

_*साथ ही टीम द्वारा निम्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_

☐ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन
☐ 1090 – महिला शक्ति हेल्पलाइन
☐ 1098 – बाल सहायता हेल्पलाइन
☐ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
☐ 108 – एंबुलेंस सेवा
☐ 181 – महिला हेल्पलाइन

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ _मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत साइबर सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन_ □♀□*

*➡□ _वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी गंगोह के पर्यवेक्षण में थाना ननौता पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिला हेड कांस्टेबल परमेश्वरी  के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बाबूपुरा में पंचायत सचिव , ग्राम प्रधान  एवं अन्य ग्राम स्तरीय सदस्यों के सहयोग से साइबर सुरक्षा एवं महिला जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।_*

_*इसी क्रम में ग्राम टिकरोल में पंचायत सचिव , ग्राम प्रधान एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में दूसरी गोष्ठी आयोजित की गई।*_

_*➡□गोष्ठियों में ग्राम की महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, और डिजिटल साक्षरता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, महिला सहायता नंबर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, एवं शिकायत पोर्टल www.cybercrime.gov.inकी जानकारी साझा की गई।*_

*_महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तत्काल पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों पर देने हेतु प्रेरित किया गया_।*

*_इस दौरान ग्रामवासियों ने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा अभियान की सराहना की और इसे महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में प्रभावी कदम बताया_*।

दिनांक: 13.10.2025

-प्रेस नोट-

*_मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत कस्बा गंगोह में निकाली गई जागरूकता रैली_*

***□□□♀□मिशन शक्ति अभियान-5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी गंगोह एवं थाना प्रभारी गंगोह के नेतृत्व में थाना गंगोह की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा कस्बा गंगोह में दिलीप राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज एवं डी.सी.एस. मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।***

